# दिल्ली के बाद अब राजकोट एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, भारी बारिश में टूटकर गिर गई छत




**नयी दिल्ली :** भारी बारिश के बीच गुजरात में राजकोट हवाई अड्डे के टर्मिनल के बाहर यात्री पिकअप और ड्रॉप क्षेत्र में एक छतरी ढह गई है। यह घटना दिल्ली हवाई अड्डे पर इसी तरह की घटना के एक दिन बाद हुई है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह घायल हो गए थे। इतने दिनों में यह इस तरह की तीसरी घटना है।

अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 27 जुलाई, 2023 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था।

राजकोट की घटना तीन दिनों में तीसरी हवाईअड्डा टर्मिनल छतरी गिरने की घटना थी। गुरुवार को जबलपुर में नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट टर्मिनल का छज्जा गिर गया था। जबलपुर हवाईअड्डे की इमारत का उद्घाटन इसी साल 10 मार्च को पीएम मोदी ने किया था। गुरुवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल–1 के बाहर की छत का एक हिस्सा गिर गया। शुक्रवार को दिल्ली और जबलपुर हवाई अड्डों पर हुए दोहरे हादसों के ठीक बाद, नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरपु ने कहा कि उन्होंने पूरे भारत के सभी 157 हवाई अड्डों पर सुरक्षा की समीक्षा का आदेश दिया है।

केंद्र ने दिल्ली दुर्घटना पीड़ित के परिवार के लिए 20 लाख रुपये और घायलों के लिए 3 लाख रुपये के मुआवजे की भी घोषणा की। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर हुई यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जिसमें एक की मौत हो गई. हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। सभी घायलों का इलाज चल रहा है. इनमें से एक को छुट्टी दे दी गई है. मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये और घायलों को 3 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

# यूजीसी नेट समेत 3 परीक्षाओं की तारीख का ऐलान




नई दिल्ली। पेपर लीक के चलते यूजीसी नेट परीक्षा रद्द करने के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एग्जाम की नई डेट जारी कर दी है। यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन अब 21 अगस्त से 4 सितंबर 2024 के बीच होगा। यूजीसी नेट परीक्षा अब पेन पेपर (ऑफलाइन) मोड की बजाय कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में होगी। एनटीए ने नए परीक्षा कैलेंडर के मुताबिक जॉइंट सीएसआईआर यूजीसी परीक्षा अब 25 जुलाई से 27 जुलाई 2024 तक सीबीटी मोड में होगी।

एनसीईटी परीक्षा 10 जुलाई को सीबीटी मोड में होगी। एनटीए ने कहा है कि ऑल इंडिया आयुष पोस्ट ग्रेजुएट एंट्रेंस टेस्ट (एआईएपीजीईटी) 2024 का आयोजन पूर्व निधारित तिथि 6 जुलाई को ही होगा। एनटीए 83 विषयों में यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन कराएगा। आपको बता दें कि 18 जून को आयोजित हुई यूजीसी नेट परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद इसे रद्द कर दिया गया था। मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। परीक्षा के लिए 11.21 लाख से अधिक उम्मीदवार पंजीकृत हैं। शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी नेट परीक्षा को रद्द करने का फैसला मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच लिया था। देश भर के विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में जूनियर प्रोफेसर फेलोशिप और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए यूजीसी की नेट परीक्षा का आयोजन साल में दो बार किया जाता है। इस बार से पीएचडी में एंट्रेंस के तौर पर भी यूजीसी नेट स्कोर स्वीकार किया जाना है। आपको बता दें इस बार एनटीए ने यूजीसी नेट परीक्षा अलग अलग चरणों में सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) मोड से कराने की बजाय एक ही दिन में पेन पेपर मोड (ओएमशीट शीट पर) से ली थी। छह साल बाद फिर से यूजीसी ने नेट का एग्जाम ऑफलाइन मोड (पेन पेपर मोड) में लिया था। लेकिन पेपर लीक होने के बाद अब एनटीए ने फिर से मल्टीपल शिफ्ट्स में सीबीटी मोड में एग्जाम लेने का फैसला लिया है। एनटीए की नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) परीक्षा पहले 12 जून को होनी थी लेकिन टेक्निकल दिक्कतों का हवाला देकर एनटीए ने इसे स्थगित कर दिया था। चार वर्षीय बीएड कोर्सेज (आईटीईपी) में दाखिले के लिए यह प्रवेश परीक्षा होती है। वहीं 25 जून से 27 जून 2024 तक सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा 2024 का आयोजन किया जाना था, लेकिन एनटीए ने इसे भी टाल दिया था। जॉइंट सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता और विज्ञान कोर्सेज में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है।

नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी और यूजीसी नेट पेपर लीक के बाद सरकार की परीक्षा एजेंसी एनटीए अपनी पारदर्शिता और काम करने के तौर तरीके को लेकर सवालों के घेरे में है। नीट, जेईई मेन, यूजीसी नेट, सीयूईटी जैसी देश की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं को कराने वाली एजेंसी को भंग करने की मांग की जा रही है। सरकार ने भी एनटीए में सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय कमिटी का गठन किया है। कमिटी ने भी छात्रों व अभिभावकों से इसके कामकाज में सुधार के लिए सुझाव मांगे हैं।

# अब मजदूर के बच्चे भी बनेंगे अफसर, छत्तीसगढ़ के १० जिलों में निःशुल्क कोचिंग होगी शुरू



रायपुर श्रमिक हितैषी सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर जुलाई से मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी। प्रदेश के 10 जिलों में इस योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के मंशानुरूप श्रमिक परिवार के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं।

श्रमिक परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाओं की जरूरत है। इसी तारतम्य में पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुसार लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिग, रेल्वे, पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 4 से 10 माह तक की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र हितग्राही स्वयं, च्वाईस सेन्टर या श्रम कार्यालय के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। पंजीकृत श्रमिक की अगर मृत्यु हो चुकी है तब भी मिलेगी सुविधा यदि हितग्राही की मृत्यु दिनांक 09 जून 2020 से पहले हुई है तो पुराने अधिसूचना के अनुसार योजना के लिए उनके बच्चे पात्र है तथा वे हितग्राही जो नवीन योजना मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से जुड़े हुए हैं वे भी आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ऑफलाइन के साथ–साथ ऑनलाइन भी मिलेगी होगी कोचिंग यह कोचिंग ऑनलाइन के साथ साथ ऑफलाइन भी मिलेगी।


ताकि विभिन्न परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को दोनों का विकल्प मिल सके। बहुत से छात्र समय या फिर दूरी की वजह से ऑफलाइन ही कोचिंग लेना चाहते हैं, उनको ये सुविधा मिलेगी। इन जिलों में शुरू होने जा रही सुविधा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, महासमुंद जिले में इस योजना की शुरुआत की जा रही है। छात्र छात्राओं मे उत्साह, तीन जिलों के लिए 4 बैच हुए भरे निःशुल्क कोचिंग योजना के लिए छात्र छात्राओं मे जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के तीन जिले रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में कुल (50–50) चार बैच अब तक भरे जा चुके हैं। अन्य जिलों से आए आवेदन का परीक्षण कर बैच बनाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

# सीजीएचसी : रिटायर हुए रजिस्ट्रार को दी गई विदाई



**बिलासपुर :** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा त्उमीं`पदीं द्वारा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (मिनिस्ट्रियल) दिवाकर प्रसाद सिंह की 30 जून को हो रही सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी। जस्टिस सिन्हा ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण व उत्कृष्ट सेवा के लिए स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया तथा उनके भावी स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि सिंह ने मार्च 1995 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय से अनुवादक के पद पर अपनी सेवा प्रारंभ की थी तथा राज्य विभाजन के पश्चात छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सेवाएं प्रदान कर रहे थे। इस अवसर पर संयुक्त रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम.वी.एल.एन. सुब्रह्मण्यम उपस्थित थे



नई दिल्ली में भारी बारिश के बीच कर्तव्य पथ पर चलते यात्री.

# डोडा के थाथरी में बादल फटने के बाद आई बाढ़ से घरों में जमा हुआ मलबा



**जम्मू :** जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले के थाथरी बाजार में शुक्रवार को बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई घरों में गाद जमा हो गई और बटोटे–किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा में अभी तक किसी के घायल होने या जान गंवाने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि डोडा जिले में सुबह करीब तीनबजे बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ आ गई थी, जिससे गाद जमा हो गयी और इसके कारण थाथरी कस्बे का पूरा बाजार क्षेत्र और राजमार्ग के किनारे कई घर प्रभावित हुए तथा कुछ वाहन मलबे में फंस गए।थाथरी के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मसूद अहमद बिच्छू ने कहा कि अचानक बादल फटने के कारण व्यापक तौर पर कीचड़ जमा हो गया,

लेकिन गनीमत रही कि अचानक आई बाढ़ कम आबादी वाले आर्मी गेट क्षेत्र के पास तक ही सीमित रही। उन्होंने कहा, बाजार क्षेत्र में काफी मलबा होने के बावजूद कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है तथा पुनर्निर्माण कार्य जारी है।

एसडीएम ने बताया कि राजमार्ग पर यातायात आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है। उन्होंने कहा, थाथरी बाजार इलाके में कल दोपहर तक सारा मलबा हटा दिया जाएगा।थाथरी कस्बे में 20 जुलाई, 2017 को बादल फटने से काफी नुकसान हुआ था, जिसमें जामिया मस्जिद के पास एक दर्जन इमारतें बह गई थीं और कई लोग घायल हो गए थे।

# बिहार की राजनीति में नए अध्याय का आरंभ: प्रो. फिरोज मंसूरी

## पसमान्दा मुस्लिम समाज जदयू कार्यकारी अध्यक्ष को दी बधाई



**पटना :** पसमान्दा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय संयोजक सह पीएमडीआर एफ निदेशक प्रो० फिरोज मंसूरी ने जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत होने पर माननीय संजय झा जी को अपने संगठन की तरफ से बधाई दी है साथ ही आधूनिक बिहार के निर्माता माननीय नितीश कुमार जी के इस क्रांतिकारी फैसले का स्वागत किया है प्रो० फिरोज मंसूरी ने कहा की जदयू का यह फैसला बिहार की राजनीति में नये अध्याय के साथ सम्पूर्ण विकास को गति देगी साथ ही राजनिति के नये समीकरण को मजबूत करेगी । श्री संजय झा को बधाई देने वालों में प्रो० शरीफ मंसूरी प्रो० शब्बीर मंसूरी प्रो० अय्यूब राईन डॉ० मुजाहिद आलम डॉ० आसिफ रजा खुर्शीद आलम अधिवक्ता नूर आलाम प्रवेज मंसूरी आशिक मंसूरी गुलफिशां अंसारी शहनवाज अहमद तारीक आलम मंसूरी इरशाद लहेरी कलाम मंसूरी सुहैल अहमद मंसूरी डॉ० आबिद हुसैन मंसूरी अफजल राईन डॉ० तौहिद अंसारी सलीम धोबी नूर हसन बक्खों सलाम जाट कलीम बहफीज सुर्जापुरी तौकीर आलम कोलहिया शामिल है ।

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

MCL

## सूचना

"सामग्रियों की खरीद, कार्य एवं सेवाओं के लिए सीआईएल और इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (MCL, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रॉक्योरमेन्ट पोर्टल https://coalindiatenders.nic और केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं तथा इसके अतिरिक्त, GeM portal https://gem.gov.in के माध्यम से खरीद भी निष्पादन की जाती है।"

R-5213

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि.संभाग बलौदा बाजार (छ.ग.)

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक.-2170/NIT-2/2024-2025/व.ले.लि. दिनांक : 26.06.2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 10.07.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-15.07.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 16.07.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा | कार्य का नाम/ No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) |
|---|---|---|
| क्र. 2 T0007 | वि.खं. पलारी के ग्राम कोसमंदी में पशुचिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य | 14.84<br>11500.00<br>250000.00 |
| 2 T0008 | वि.खं. बलौदाबाजार के ग्राम अहिल्दा में पशुचिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य | 14.84<br>11500.00<br>250000.00 |
| 2 T0009 | वि.खं. सिमगा के ग्राम नवापारा में पशुचिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य | 14.84<br>11500.00<br>250000.00 |
| 2 T0010 | बोइतरा से कुकराचुन्दा मार्ग ल. 8.00 किमी का रोड फर्नीचर कार्य | 19.27<br>15000.00<br>300000.00 |
| 2 T0011 | मनोहर दास वैष्णव आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेन्डरी स्कूल बलौदा बाजार का सौंदर्यीकरण कार्य। | 4.97<br>5000.00<br>75000.00 |
| 2 T0012 | पंडित चक्रपाणि शुक्ल आत्मानंद हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा बाजार का सौंदर्यीकरण कार्य। | 4.99<br>5000.00<br>75000.00 |

**शर्तें** :- 100/- रु. स्टाम्प निर्धारित शपथ पत्र नोटराइज्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा क्र. T0011, T0012 हेतु विगत वर्ष में कम से कम 20.00 लाख का सामान प्रकृति के किसी भी शासकीय विभाग मं कार्य का कार्यादेश एवं सफलतापूर्वक कार्य संपादन का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसके भौतिक सत्यापन के उपरांत ही निविदा प्रपत्र प्रदान किया जावेगा। कार्य सौंदर्यीकरण अंतर्गत सम्पादित होता है, जिसमें मूर्तियां एवं म्युरल पेंटिंग का कार्य सम्पादित किया जाना है। आवेदित फर्म के प्रोपराइटर/पार्टनर के मोरल पेटिंग/स्कलूप्चर के विषय में किसी भी शासकीय महाविद्यालय से मास्टर डिग्री होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा या इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि मोरल पेटिंग/स्कलूप्चर विषय में किसी भी शासकीय महाविद्यालय से मास्टर डिग्री प्राप्त कर्मचारी उनके फर्म में कार्य करते हैं, का प्रमाण पत्र एवं सम्बंधित का सहमती पत्र प्रस्तुत करने पर ही निविदा हेतु आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।

"It mandatory for the C & D Class Bidder to submit the list of ongoing work/works in hand in the Annexure- A (enclosed). If the total value of ongoing work/works in hand is more than 2.5 times the capacity as specified for C & D class bidders, the bidder will be disqualified."

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

ह./- कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग
बलौदा बाजार (छ.ग.)

G-242500695/4

# जामुन इकट्टा करने को लेकर हुए झगड़े में आठ वर्षीय बच्चे की पीट-पीटर हत्या



**रांची :** झारखंड के पलामू जिले में शुक्रवार को जामुन इकट्ठा करने को लेकर हुए झगड़े में आठ वर्षीय एक लड़के की कथित तौर पर पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।पांडु थाने के पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने बताया कि कुछ बच्चे एक पेड़ के नीचे जामुन इकट्ठा कर रहे थे तभी उनमें से दो बच्चों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान 23 वर्षीय आरोपी ने बीच–बचाव किया और एक लड़के की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई।उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से ही आरोपी फरार है। हालांकि उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि इस घटना के संबंध में मामला भी दर्ज कर लिया गया है।

# अमरनाथ यात्रा शुरू, दूसरा जत्था जम्मू से रवाना



जम्मू पवित्र अमरनाथ यात्रा आज यानी 29 जून से शुरू हो चुकी हैं। भारी सुरक्षा के बीच तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 4,029 यात्रियों का दूसरा जत्था 200 वाहनों के दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, इनमें से 1,850 यात्री सुबह 4 बजे 104 वाहनों में बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जबकि 2,179 यात्री 96 वाहनों में सवार होकर सुबह 4.30 बजे पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया, दोनों काफिलों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। 52 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा आज से शुरू हो चुकी है और यह 19 अगस्त को समाप्त होगी। यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम रूट से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल रूट से यात्रा करते हैं।पहलगाम मार्ग से जाने वालों को मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग से जाने वाले लोग दर्शन के बाद उसी दिन वापस लौट आते हैं।

उत्कल मेल प्रकाशनी प्रा. लि. की ओर से पीतवास मिश्र द्वारा महावीर प्रिंटर्स, सी/23/1, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, राउरकेला-769004 से मुद्रित व प्रकाशित.

प्रधान संपादक
श्रीमती रीता मिश्र

सम्पादक
डॉ. पीतवास मिश्र

संयुक्त सम्पादक
डॉ. सुशील दाहिमा

प्रबंध सम्पादक
मनस्विनी मिश्र

संपादकीय कार्यालय
सी-२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट,
राउरकेला - ७६९०१२, ओड़िशा
फोन : २४०१९४९ (कार्यालय)
फैक्स : (०६६१) २४०१३३२
E-mail
utkalmailnews@gmail.com